**कायोलयः जिला विद्यालय निरीक्षक, हरदोइ।**

पत्रांकः परीक्षा/ 7629-44 /2024–25 दिनांकः 13-11-2024

**प्राचार्य/प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या,**

| क0सं0 | विद्यालय का नाम | क0सं0 | विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई | 6 | राजकीय बालिका इण्टर कालेज, हरदोई |
| 2 | सी0एस0एन0 पी0 जी0 कालेज | 7 | आर0 आर0 इण्टर कालेज, हरदोई। |
| 3 | आर्य कन्या महाविद्यालय बड़ा चौराहा हरदोई | 8 | सनातन धर्म इण्टर कालेज, हरदोई। |
| 4 | आर्य कन्या पाठशाला इ0का0 बड़ा चौराहा, हरदोई। | 9 | श्री वेणी माधव विद्यापीठ बा0इ0का0, हरदोई। |
| 5 | राजकीय इण्टर कालेज, हरदोई | 10 | गंगा देवी इण्टर कालेज, हरदोई। |

**विषय– उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु केन्द्र सूची के सम्बन्ध में सहमति प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष, उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के पत्रांक–1086/11(2024)/अधियाचन/2024–25 दिनांक 11.11.2024 के साथ संलग्न संलग्न अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या– 6/2024/148/सामान्य/47/का–4–2024 कार्मिक अनुभाग–4 लखनऊ दिनांक 19.06.2024 के कम में उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा **सहायक आचार्य, प्रवक्ता संवर्ग तथा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के पदों पर चयन हेतु माह दिसम्बर,2024 के तृतीय सप्ताह से जनवरी, 2025 के द्वितीय सप्ताह में लिखित परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त परीक्षाओं को मण्डल/जनपद मुख्यालय पर प्रतिदिन 2 पाली में आयोजित कराये जाने पर विचार किया जा रहा है।** इस सम्बन्ध में प्रस्तावित परीक्षाओं हेतु केन्द्र की सूची निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उक्त परीक्षा कराये जाने हेतु आपके विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया जाना है, जिसके लिए पत्र के साथ **निर्धारित प्रारूप संलग्न कर** इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि निर्धारित प्रारूप पर सूचना तैयार कर सहमति प्रदान करते हुए **सहमति प्रस्ताव दिनांक 14 नवम्बर, 2024 की प्रातः 11:00 बजे तक अनिवार्य रूप से** उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि सहमति प्रस्ताव जनपदीय समिति के अनुमोदनोपरान्त परीक्षा केन्द्रों की सूची उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज को प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः यथोपरि।

**(बालमुकुन्द प्रसाद)**
जिला विद्यालय निरीक्षक
हरदोई

पृ0सं0: परीक्षा/ /2024–25 दिनांकः तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज
2. जिलाधिकारी, हरदोई।
3. पुलिस अधीक्षक, हरदोई।
4. अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0), हरदोई।
5. जिला विज्ञान एवं सूचना अधिकारी, हरदोई।
6. उच्च शिक्षा/तकनीकी शिक्षा नियामक प्राधिकारी, प्राचार्य/नोडल अधिकारी, महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदोई।

जिला विद्यालय निरीक्षक
हरदोई

Scanned with CamScanner

परीक्षा
4/01/25

सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्ध
पंजीकृत/ई–मेल

प्रेषक,

अध्यक्ष,
उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक– 1086 /11(2024)/अधियाचन /2024–25 दिनांकः 11/11/2024

विषयः– उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु केन्द्र की सूची उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य, प्रवक्ता संवर्ग तथा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के पदों पर चयन हेतु माह दिसम्बर, 2024 के तृतीय सप्ताह से जनवरी, 2025 के द्वितीय सप्ताह में लिखित परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित है। आयोग द्वारा उक्त तीनों परीक्षाओं को प्रदेश के मण्डल मुख्याल/जनपद मुख्यालय पर प्रतिदिन 2 पाली में आयोजित कराये जाने पर विचार किया जा रहा है। शासनादेश संख्या– 6/2024/148/सामान्य/47/का–4–2024 कार्मिक अनुभाग–4 लखनऊ दिनांकः 19 जून, 2024 द्वारा प्रदेश के विभिन्न भर्ती आयोग/चयन बोर्ड के चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढ़ंग से कराये जाने सम्बन्धित जारी दिशा–निर्देशों के बिन्दु– 03, 04 एवं 05 में प्रख्यापित व्यवस्था के अनुरूप जनपद के परीक्षा केन्द्रों का चयन किया जाना है।

अतएव उपर्युक्त के दृष्टिगत संदर्भित शासनादेश के अनुसार मानक परीक्षा केन्द्रों की सूची संलग्न प्रारूप पर हार्ड एवं साफ्ट कापी आयोग की ई–मेल upmsscball@gmail.com पर उपलब्ध करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित करने का प्रारूप

भवदीय

9-11-2024

अध्यक्ष,
उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग,
प्रयागराज।

पृ0सं0– /11 (2024) /अधियाचन /2024–25 तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज।
2. परीक्षा नियंत्रक, उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज।

अध्यक्ष,
उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग,
प्रयागराज।

Scanned with CamScanner

# परीक्षा केन्द्र प्रस्तावित करने का प्रारूप

| Sr. No | Division/ District | Center's Name | Center's Full Address | Capacity for seating arrangement | | Contact Person Name and Designation | Person Contact Number & College Contact Number | Center's Type A/B |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | First Meeting | Second Meeting | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

हस्ताक्षर
नाम
मोबाईल नं0

Scanned with CamScanner